तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 16 अप्रैल 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर की जंयती मनाई व...



14 जिले के सभी छात्रों को उत्तम शिक्षा प्रदान कराना लक्ष्य...



## खबर संक्षेप

### दलित साहित्य अवार्ड से लिकेश को किया सम्मानित



**चारामा।** समता साहित्य अकादमी इकाई छत्तीसगढ़ द्वारा 14 अप्रैल 2025 को विश्व विभूति बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर गोंड़वाना भवन धमतरी में आयोजित काव्य संगोष्ठी सह सम्मान समारोह में कार्यक्रम में चारामा के युवा कवि लिकेश धृतलहरे दलित साहित्य अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। युवा कवि ने बताया कि यह काव्य संगोष्ठी का पहला मंच है, जिसमें वे अपनी मां के समक्ष अपना कविता पाठ किए एवं साहित्य के क्षेत्र में अपने मां के साथ साहित्यिक सम्मान को साथ - साथ प्राप्त किए।

### युवक ने खाया जहर इलाज के दौरान हुई मौत

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतर्गत 45 वर्षीय युवक ने जहर खा लिया, जिसके कारण युवक की मौत हो गई। युवक द्वारा जहर खाने के कारण का पता नहीं चल पाया है। सीएचसी दुर्गूकोंदल के वार्डबॉय ने अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक हल्बापारा मेड़ो निवासी भोलाराम कश्यप ने जहर का सेवन कर लिया था। ईलाज के लिए अस्पताल में लाया गया जहां उसकी 13 अप्रैल को रात 10 बजें मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।


### अज्ञात कारण से महिला की हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत प्रेमनगर निवासी 55 वर्षीय मालती डाकुआ का 14 अप्रैल को दोपहर 1 बजें मौत हो गई। पीवी 39 ईन्द्रप्रस्थ निवासी 48 वर्षीय मृधा ने पुलिस को बताया कि मृतिका का स्वास्थ्य खराब होने पर ईलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों ने परिक्षण शेष पेज 12 पर

# मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी, दोपहर बाद छाए बादल, हुई बूंदा-बांदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

मौसम में उतार- चढ़ाव का दौर अब तक थमा नहीं है। जिले में आ रही नमी के कारण एक बार फिर मंगलवार 15 अप्रैल को मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। दोपहर तक धूप निकली रही और दोपहर बाद बादल और सूर्य के बीच लुका-छिपी चलता रहा, जिसके बाद बूंदाबांदी शुरू हो गई और मौसम में उमस बढ़ी, वहीं शाम होते ही तेज हवाएं भी कुछ जगहों पर चली। मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ में अगले 5 दिनों तक एक दो जगह पर गृह चमक के साथ तेज हवा चलने और बारिश की संभावना है। मौसम एक्सपर्ट ने बताया कि उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ में अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद आगामी दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री वृद्धि होने की संभावना है। वहीं दक्षिणी भागों में 5 दिनों तक अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। दो दिनों से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है और जिले के कुछ इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश और अंधड़ चलने के चलते पखांजुर क्षेत्र के किसानों की फसल का भी नुकसान हुआ है। मौसम में भले ही बदलाव देखने को मिल रहा हो और बेमौसम हल्की बारिश और अंधड़ चल रहे हैं, लेकिन तापमान लगातार चढ़ रहा है। बीते दिनों हुई हल्की बूंदाबांदी के बाद भी शहर का अधिकतम तापमान अब बढ़कर 36-37 डिग्री पर पहुंच गया है। न्यूनतम पारा भी बढ़कर 24 के करीब पहुंच गया है।



### यहां बन रहा सिस्टम

मौसम एक्सपर्ट के अनुसार, एक ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश और उसके आसपास के क्षेत्र में समुद्र तल से 1.5 किलोमीटर ऊपर स्थित है। वहीं एक द्रोणिका पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश के ऊपर चक्रवती परिसंचरण से छत्तीसगढ़ होते हुए दक्षिण तटीय ओडिशा तक समुद्र तल से 1.5 किलोमीटर स्थित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। आगामी 5 दिनों तक प्रदेश में मौसम ऐसे ही बने रहने की संभावना है।

## परीक्षा : 98 हजार उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने का मिला था लक्ष्य

# दसवीं और बारहवीं का मूल्यांकन कार्य सात दिन पहले हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- पहली बार पीएमश्री नरहरदेव शाउमा विद्यालय को बनाया गया मूल्यांकन केंद्र
- केंद्र समन्वयक ने बताया कि 18 अप्रैल तक जाँच करना था, सात दिन पहले ही हो गई जाँच



परीक्षा : नया केंद्र नरहरदेव उमा विद्यालय में 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन

प्रभारी की रिपोर्टिंग की लापरवाही से परीक्षा मूल्यांकन केंद्र निरस्त, नया केंद्र नरहरदेव

कन्या हायर सेकेंड्री स्कूल मूल्यांकन केंद्र रहता था, परंतु विगत वर्ष केंद्र समन्वयक की लापरवाही से कन्या हायर सेकेंड्री की मूल्यांकन केंद्र मान्यता रद्द करते हुए पहली बार पीएमश्री नरहरदेव शाउमा विद्यालय को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया। केंद्र समन्वयक ने बताया कि 18 अप्रैल तक उत्तर पुस्तिकाओं को जाँच करने का समय था, परंतु मूल्यांकन करने वाले शिक्षकों की सक्रियता से सात दिन पहले 11 अप्रैल को ही मूल्यांकन पूरा कर लिया गया। कांकेर जिले को मूल्यांकन के लिए 98157 उत्तर पुस्तिकाएं मिली थी, जिसमें दसवीं की 63223 और बारहवीं की 34934 उत्तर पुस्तिकाएं थी। जानकारी के अनुसार जिले में बोर्ड परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए जिले में एकमात्र समन्वयक केंद्र कन्या हायर सेकेंड्री स्कूल कांकेर हुआ करता था, परंतु इस बार पीएमश्री नरहरदेव शाउमा विद्यालय को बनाया गया। समन्वय केंद्र में हाईस्कूल की 63223 उत्तर और बारहवीं की 34934 उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए समन्वय केंद्र को मिली। माध्यमिम शिक्षा मंडल ने इन उत्तर पुस्तिकाओं को 18 अप्रैल तक जांच पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया था, परंतु केंद्र समन्वयक ने लगभग जांच के लिए 350 से 400 शिक्षकों को मूल्यांकन के लिए लगाया था और सभी को नियमित जाँच करने के लिए निर्देशित किया था। केंद्र समन्वयक एवं पीएमश्री नरहरदेव शाउमा विद्यालय की प्राचार्य रचना श्रीवास्तव के प्रयास से मूल्यांकन कार्य निर्धारित तिथि से सात दिन पहले 11 अप्रैल को पूरा कर लिया गया और रिपोर्ट भी माध्यमिक शिक्षा मंडल को भेज दी गई। मूल्यांकन कार्य 26 मार्च से प्रारंभ हुआ था, इस दौरान बोर्ड से तीन टीम, एक बार जेडी की टीम और जिला शिक्षा अधिकारी दो बार निरीक्षण के लिए पहुंचे। निरीक्षण करने वाले दल और जाँच के लिए पहुँचे शिक्षकों ने मूल्यांकन केंद्र की व्यवस्थाओं पर खुशी जताया। सामान्यतया जाँच करने वाले शिक्षक सदैव किसी न किसी बात की शिकायत करते रहते थे।

### समय से पहले मूल्यांकन कार्य हो गया पूरा

जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने बताया कि इस बार बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन बोर्ड से पहले डिकोडिंग होने के बाद मूल्यांकन केंद्र आ रही है। जिले में इस बार मूल्यांकन केंद्र को बदला गया है और उसी का परिणाम रहा कि समय से पहले बोर्ड के द्वारा भेजी गई उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूर्ण हो गया।

### पांचवी और आठवीं का भी शुरू हुआ मूल्यांकन

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि पांचवी और आठवीं की वार्षिक परीक्षा समाप्त होते ही मूल्यांकन कार्य प्रारंभ कर दिया गया था और मूल्यांकन लगातार चल रहा है। पाँचवी और आठवी का भी मूल्यांकन जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

## मरकानार के ग्रामीणों ने नियद नेल्लानार योजना में शामिल होने लगाई गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कोयलीबेड़ा विकासखंड के अतिसंवेदनशील ग्राम मरकानार के ग्रामीणों ने 15 अप्रैल को कलेक्टोरेट पहुंचकर मरकानार गांव को नियद नेल्लानार योजना में शामिल होने के लिए गुहार लगाई है। उन्होने कहा कि इस योजना से गांव को जोड़ने पर गांव की मूलभूत समस्याओं का निराकरण हो जाएगा। मरकानार गांव से पहुंचे ग्रामीणों ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा ग्राम पंचायत तुरसानी के आश्रित ग्राम मरकानार को अभी तक नियद नेल्लानार योजना में नहीं जोड़ा गया है, जबकि प्रभावित ग्रामों में ग्राम मरकानार भी शामिल है। मरकानार से नियद नेल्लानार को जोड़ने वाला गांव का मुख्य मार्ग गुजरता है जो कि वर्तमान में इस योजना से जुडे ग्राम पंचायतो पानीडोबीर, आलपरस, केसेकोड़ी और गुड़ाखेड़ा को सीधे जोड़ता है तथा ग्राम मरकानार की भौगोलिक सीमा समूल रूप से इन समस्त पंचायतों से जुड़ा हुआ है। मरकानार नियद नेल्लानार का प्रवेश द्वार है और ऐसे में अगर यह ग्राम इस योजना से नहीं जुड़ पाता, तो इस गांव के बच्चों की शिक्षा, किसानों की समस्याओं तथा मुलभूत सभी समस्याओं से हमारा गांव वचिंत रह जाएगा, जिसका प्रभाव सीधा-सीधा ग्रामवासी विकास से कोसो दूर रह जाएगा।

गांव के हेमंत कुमार पटेल ने कहा की मरकानार ग्राम को नियद नेल्लानार योजना से नहीं जोड़ा गया, जिससे ग्रामवासीयों को मुलभूत सभी समस्याओं से वचिंत होना पड रहा है। हमारे ग्राम को नियद नेल्लानार योजना से जोड़ा ताकी गांव की मूलभूत समस्याओं का निराकरण हो पाए। कांकेर आएं सभी ग्रामीणों की मांग है कि मरकानार गांव को नियद नेल्लार योजना से जोड़ा जाएं।

## ट्रांसफार्मर में आई तकनीकी खराबी, लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत दमकसा के आश्रित ग्राम हिलचुर में बिजली की लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहें। ग्रामीणों ने समस्या कि जानकारी जनपद सदस्य विकास राजु नायक दिया। जनपद सदस्य हिलचुर पहुंचकर ग्रामीणों से जानकारी लिया और तुरंत बिजली ऑफिस सब स्टेशन दमकसा में लाईनमेन को फोन लगाकर जानकारी ली। लाईनमेन ने ट्रांसफार्मर में तकनिकी खराबी बताई। जनपद सदस्य ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार सबका हित और सबका विकास चाहती है और हमारी सरकार हर गांव, हर घर मुहल्ले को सभी क्षेत्रों में विकसित करके रोशन करना चाहती है। आप ग्रामवासियों की समस्या को एक हफ्ते के भीतर दूर करने किया जाएगा। हिलचुर के ग्रामीणों का कहना है कि हम लोग लगभग एक साल से लो वोल्टेज की समस्याओ का सामना कर रहें है। कई बार शिकायत किया, लेकिन कोई हमारी सुनने को तैयार नहीं। जनपद सदस्य निर्वाचित हुए हम सभी ग्रामीण आस लगाए बैठे थे कि अब नए जनप्रतिनिधि कोई हमारी बात सुन सकता है। जैसे ही हमने जानकारी दिया, तुरंत आकर उन्होंने समस्या को दूर करने का प्रयास किया। अब देखते है एक हफ्ते में क्या हमारी समस्या का निराकरण होता है या नहीं। इस दौरान अमित केमरो, नरेश दीवान, दीपक देहारी, बीरेंद्र देहारी, अनिल उइके, सोहित दर्रो, देवलाल बोगा, फगनूराम बोगा, राम उइके, राजेश दर्रो, बिरझु राम दर्रो, मनकर बोगा सहित ग्रामीण उपस्थित रहें।

## महिला को रास्ते में रोककर की गई मारपीट, दो के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- 2 महिलाओं ने दी पीड़िता को जान से मारने की धमकी



अंतागढ़ थानांतर्गत नीलगिरी प्लांट होते हुए बैठक में जा रही महिला का रास्ता रोककर दो अन्य महिलाओं ने जान से मारने की धमकी देते हुए पीड़िता के साथ मारपीट की। मारपीट की शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

लाटापारा अंतागढ़ निवासी मालती नेताम पति भानु नेताम ने पुलिस को बताया कि रोजी मजदूरी का काम करती हूँ और 14 अप्रैल की रात लगभग साढ़े 8 बजें मुहल्ले में बैठक रखा गया था, जिसमें शामिल होने के लिए राकेश पटेल, अमरोतिन निषाद एवं रामबाई साहू के साथ जा रही थी। नीलगिरी प्लांट के पास पहुंची थी, वहां पर किरण कुमेटी एवं राजेश्वरी पोटाई खड़ी हुई थी और मुझे वहॉ से जाते देखकर बोलने लगे कि यह चंदवी भी लड़ाई झगड़ा करती रहती है। गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए गला को पकड़कर बाल को खींचने लगी। आरोपियों द्वारा मारपीट करने से गला व सिर में दर्द हो रहा है। मेरे साथ बैठक में जा रहें लोगो ने बीच बचाव किया, उनके द्वारा बीच बचाव नहीं किया जाता, तो मेरे साथ कोई भी शेष पेज 12 पर

## सुशासन तिहार में लोगों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय-सीमा में हो : अपर कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- आयोजित बैठक में लंबित प्रकरणों की हुई समीक्षा



साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश अपर कलेक्टर ने जिला अधिकारियों को दिए। उन्होंने सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण उपरांत आगामी मई माह में आयोजित होने वाले समाधान शिविरों में अधिकारी-कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के लिए कहा।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 15 अप्रैल की सुबह 10 बजे से आयोजित बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बुधवार 16 अप्रैल को बस्तर संभाग के सभी जिलों में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक लेते हुए विभागीय प्रगति की जानकारी ली। इसके पश्चात अपर कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों के निराकरण की साप्ताहिक प्रगति के संबंध में जानकारी ली। बैठक में अपर कलेक्टर ने आत्मसमर्पित माओवादियों और पीड़ित परिवारों को शासन की मंशानुसार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी तरह राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण एवं व्यपर्वतन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा अनुभागवार करते हुए जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्वक निष्पादित करने के निर्देश सभी अनुविभागीय अधिकारियों को दिए और साथ ही ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए सभी शेष पेज 12 पर

## कार्बाइड से फल पकाना है अपराध, परंतु नहीं हो रही कार्रवाई

# बाजार में केमिकल से पके फलों के बिक्री की बढ़ी, नहीं हो रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग में जांच के लिए विगम एक साल से फलों के लीगल सैंपल नहीं लिए गए हैं, जबकि हर साल देखने मिलता है कि शहर व प्रदेश में कई जगह केला, आम, पपीता समेत अनके फलों को कैमिकल व लिक्विड गैस के माध्यम से पकाकर मार्केट में बेचा जाता है।

मार्केट में गर्मी के समय फल जल्दी खराब फलों को लंबे समय तक टिकाने के लिए कार्बाइड गैस एवं कैमिकल का इस्तमाल किया जाता है। इसके बावजूद अब तक मार्केट में फलों का लीगल सैंपल जांच करने नहीं लिया गया है। शहर के कई फल विक्रेताओं से बात किया तो कुछ लोगों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि बिना कैमिकल फल नहीं पक सकता। पहले आम, केला व अन्य फल कार्बाइड से पकाया जाता था, उसके बाद लिक्विड में एथिनील गैस व एसिटिलीन से पानी में डुबोकर पकाते हैं। केला पकाने के लिए एक गैस आती है, उसके डालने से पकता है। आम व अन्य फल पकाने के लिए चाइना का एक पैकेट आता है, उसको पानी में डीप करके आम व अन्य फलों को पकाया जाता है। पकाने के लिए एक कैरेट में चार पैकेट को डीप करके डाल देते हैं। इससे कच्चे फल को पकने में करीब तीन दिन का समय लगता है, वहीं पका हुआ फल एक हफ्ते तक चल जाता है। वहीं स्टोर में डालकर रखने पर 5 से 6 माह तक चल जाता है, पर अभी भी आशंका है कि फलों को पकाने में कैल्शियम कार्बाइड का इस्तेमाल करके मार्केट में फल बेचा जा रहा है। दुकानदार ने बताया कि एक साल पहले जाँच अधिकारी आएं थे, तो दुकानदार के पास रखे लिक्विड व गैस को छुपा दिया जाता था। औचक निरीक्षण जब तक नहीं किया जाएगा, तब तक आरोपी पकड़ में नहीं आएंगे।

### कार्बाइड से फल पकाना अपराध

दरअसल बाजारों में फलों को लंबे समय तक चलाने व बाहर से सुंदर व आकर्षक दिखाने के लिए फलों के अंदर कार्बाइड डाला जाता है। इससे फल समय से पहले पक जाते है, साथ ही बाहर से काफी अच्छे भी दिखते है। जानकारी के अनुसार फलों में कार्बाइड गैस मिलाना काफी खतरनाक भी हो सकता है, इससे फल मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। साथ ही कार्बाइड से पके फल प्राकृतिक तरीके पकने वाले फलों की तरह ही दिखते है। कार्बाइड से फल पकाना अपराध की श्रेणी में आता है।

### हो सकती है अपच, उल्टी जैसी बीमारियां

जानकारी के अनुसार केमिकल फल का सेवन करने से व्यक्ति कई बीमारियों से ग्रसित हो सकता है। कैमिकल फल बाहर से सुंदर दिखता है, वहीं कच्चे फलों में अधिक कार्बाइड का प्रयोग करने से फल बेस्वाद व कभी कभी विषाक्त भी बन सकते है। इसका सेवन करने से लोगों को अपच, उल्टी, नींद नहीं आना किडनी में इफेक्ट एवं कैंसर भी पैदा करने का कारण बन सकता है।

## कच्चे के पंचायत भवन में मनाई गई डॉ. आंबेडकर जयंती, हुई विशेष गोष्ठी



- लोगों ने समाज में समानता स्थापित करने की ली शपथ

**भानुप्रतापपुर।** ग्राम पंचायत कच्चे में ग्राम सभा कर आयोजन कर कच्चे पंचायत भवन पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के विचारों को अपनाकर समाज में समानता स्थापित करने की शपथ ली। ग्राम कच्चे सरपंच कांति हिड़को के नेतृत्व में ग्रामीणों ने अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर की और से पिटासीन अधिकारी दीप्ती सेन तकनीकी सहायक को नियुक्त किए गया था, वह उपस्थित हुई। रोजगार सहायक ने फोन किया, लेकिन अधिकारी दीप्ती सेन द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी रही। कार्यक्रम से नादारत रहने पर पिटाशीन अधिकारी से जानकारी ली गई तो उनका कहना था 10 से 12 बजे तक मैं कच्चे में उपस्थित थी पर कार्यक्रम प्रारम्भ नहीं हुआ था। इस दौरान वार्ड पंच मिना चालकी, मिथलेश मंडावी, मत्ते सिंह भुआर्य,राम देव कोला, खेमिन भुआयनंद, किशोर जायसवाल, शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### किंग्स पब्लिक स्कूल गादीरास की मान्यता की गई समाप्त

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किंग्स पब्लिक स्कूल गादीरास की मान्यता निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 अध्याय 4 के निर्देश क्रमांक-19 के मानकों और नियमों का पालन नहीं किए जाने के कारण बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के नियम 16.1(ग) के तहत समाप्त कर दी गई है। इसकी सूचना संबंधित स्कूल के अध्यक्ष को जिला शिक्षा अधिकारी के पत्र के माध्यम से दी जा चुकी है। ऐसी स्थिति में सत्र 2025–26 में संस्था में अध्ययनरत बच्चों के पालकों को सूचित किया गया है कि किंग्स पब्लिक स्कूल गादीरास के सभी बच्चों का एडमिशन अपनी सुविधानुसार निकट की स्कूल में करवाएं। जिसके लिए संबंधित संकुल के संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी सुकमा को पत्र जारी किया जा चुका है। जिला प्रशासन के द्वारा किंग्स पब्लिक स्कूल गादीरास में अध्ययनरत सभी बच्चों को अन्यत्र संस्था में एडमिशन करवाने पालकों से अनुरोध किया गया है।

### नक्सल पीड़ित परिवारों को आजीविका प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन दंतेवाड़ा द्वारा नक्सल पीड़ित परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। प्रशासन की कार्य योजना के अंतर्गत लगभग 100 नक्सल पीड़ित परिवारों के सदस्यों को आज लाइवलीहुड कॉलेज, दंतेवाड़ा के प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण करवाया गया।
इस दौरान कॉलेज परिसर में इन सभी प्रतिभागियों की काउंसलिंग की गई, जहां उन्हें विभिन्न आजीविका संबंधी गतिविधियों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे आगामी 10 दिनों के भीतर इन प्रतिभागियों का प्रशिक्षण प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें। इस पहल का उद्देश्य न केवल पीड़ित परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराना है, बल्कि उन्हें समाज की मुख्यधारा में सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर भी प्रदान करना है।

### हैंडपंपों की मरम्मत अभियान जारी

**दंतेवाड़ा।** गर्मी के तेवर तेज होने के साथ ही जल समस्या इन दिनों विकराल रूप धारण करने लगी है। गर्मी के कारण जल स्तर लगातार घटता जा रहा है। गर्मियों में पेयजल संकट की समस्या के निदान के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। बढ़ती गर्मी के बीच जिला प्रशासन द्वारा दूरस्थ ग्राम पंचायतों में हैंडपंप मरम्मत कार्य प्रारंभ किया गया है। इसके लिए प्रत्येक विकासखंड में हैंडपंप मरम्मत दल नियुक्त किया गया है। जो शिकायत प्राप्त होने पर मरम्मत करने मौके पर पहुंचेंगे। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा गर्मी में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। मरम्मत दल प्रत्येक विकासखंड के हरेक पंचायत और गांव में जाकर खराब पड़े हैंडपंप की मरम्मत करने के साथ-साथ लोगों को जल जागरूकता के लिए भी प्रोत्साहित करेगा। इस क्रम में ग्राम मोफलनार, टेकनार, सुरनार, मुलेर, में मरम्मत दल द्वारा हैंडपंप संधारण किया गया।

### बैजनाथ बने न्यायिक लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में न्यायिक लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा जगदलपुर का चुनाव 13 अप्रैल को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। चुनाव में मोसूराम ठाकुर एवं बैजनाथ ठाकुर में मध्य चुनाव प्रकिया संपन्न हुआ, जिसमें बैजनाथ ठाकुर को 33 वोट मोसु ठाकुर को 19 वोट प्राप्त हुए, जिसमें बैजनाथ ठाकुर ने 14 वोट से जीत हासिल किया। चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए छत्तीसगढ़ न्यायिक लघु वेतन कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष राजेश कुमार निषाद चुनाव अधिकारी रहे, ज्ञानेश्वर राव जाधव, सहायक निर्वाचन अधिकारी द्वारा शांति पूर्ण चुनाव संपन्न कराए गए।

# आपदा प्रबंधन पर पुस्तक लेखन के लिए किया गया मधु का सम्मान

**राज्य स्तरीय पुस्तक आपदा प्रबंधन एवं बचाव का भव्य विमोचन समरोह**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राज्य में शिक्षा और आपदा जागरूकता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में आपदा प्रबंधन एवं बचाव' नामक राज्य स्तरीय पुस्तक का विमोचन दिनांक 13 अप्रैल 2025 को न्यू सर्किट हाउस सिविल लाइन रायपुर में माननीय आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा के हाथों संपन्न हुआ।

इस पुस्तक की सम्पादक राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका सुश्री के शारदा हैं। जिन्होंने राज्य के विभिन्न 33 जिलों के समर्पित शिक्षकों की एक टीम बनाकर इस बहुपयोगी पुस्तक का निर्माण किया। पुस्तक में प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से संबंधित जानकारी, सुरक्षा उपाय, और आपातकालीन परिस्थितियों में किये जाने वाले व्यवहारिक कदमों को सरल भाषा में समझाया गया है। पुस्तक में कोंडागांव जिले के प्राथमिक शाला जोन्दरपदर में पदस्थ राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षिका मधु तिवारी के लेख बाढ़ आपदा एवं उसके बचाव को भी स्थान मिला है। पुस्तक में शामिल सभी लेखकों का आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा ने स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

वीडियो से पाठ्यवस्तु को सरल ढंग से करते हैं प्रस्तुत – इस पुस्तक की विशेषता यह है कि इसमें क्यूआर कोड्स जोड़े गए हैं। जिन्हें स्कैन करने पर छात्र वीडियो सामग्री देख सकते हैं। यह वीडियो न केवल पाठ्यवस्तु को सरल और रोचक ढंग से प्रस्तुत करते हैं, बल्कि उनमें एनिमेशन, रीयल–लाइफ उदाहरण और मॉकड्रिल भी शामिल है जो बच्चों की समझ को और गहरा बनाते हैं। इसके अतिरिक्त यह पुस्तक ष्टिबाधित बच्चों के लिए ऑडियो फॉर्मेट में भी उपलब्ध कराई गई है ताकि वे भी समान रूप से विषयवस्तु को समझ सकें। यह संसाधन सामान्य विद्यार्थियों के साथ–साथ दिव्यांग विशेष रूप से दृष्टिबाधित विद्य सहभागी शिक्षकों का सम्मान भी किया जाएगा जो देश प्रदेश के शैक्षिक एवं आपदा प्रबंधन क्षेत्र में एक नई दिशा की ओर संकेत करता है। पुस्तक के सह–संपादक धर्मानंद गोजे है और पुस्तक प्रभारी श्रीमती प्रीति शांडिल्य है जिनके सहयोग से यह पुस्तक समय पर संपन्न हुई। इस पुस्तक के लेखन में मुख्य रूप से के शारदा, धर्मानंद गोजे, प्रीति शांडिल्य, कृष्णपाल राणा, संतोष कुमार पटेल व पुष्पेंद्र कुमार कश्यप आदि का विशेष योगदान रहा।

**बैठक : सुशासन तिहार के आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के दिए निर्देश**

# कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में की शासकीय योजनाओं की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय–सीमा बैठक में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत सभी पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाए। कलेक्टर ने सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ संवेदनशीलतापूर्वक निराकरण करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी आवेदनों की शत–प्रतिशत प्रविष्टि पोर्टल पर सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के आयुष्मान भारत योजना और प्रधानमंत्री वय वंदना योजना की समीक्षा करते हुए लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रगति लाने सीएमएचओ को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप समस्त राजस्व प्रकरणों का समय–सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। इसके अलावा कलेक्टर ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, जनधन योजना तथा उज्वला योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की।

***शौचालय तथा पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश***

*कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को जिले के समस्त आंगनबाड़ियों और स्कूलों में शौचालय तथा पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जल संचयन के लिए जिले में व्यापक अभियान चलाया जाना है। इसके तहत जिले के नागरिकों को जल संरक्षण के लिए जागरूक करने, ग्राम पंचायतों में भूजल स्तर की जानकारी देने और वाटर हार्वेस्टिंग लगाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जल संसाधन विभाग को मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ श्री अविनाश भोई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।*

**पूर्व सैनिकों ने चलाया स्वच्छता अभियान**

# तालाब से हटाई जलकुंभी युवाओं ने भी लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश डे के मार्गदर्शन में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, कोंडागांव द्वारा एक प्रभावशाली स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत बंधा तालाब से जलकुंभी की सफाई की गई और तालाब परिसर में झाड़ू लगाकर कचरा हटाया गया। इस अभियान में पूर्व सैनिकों के साथ–साथ निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक–युवतियों ने भी बढ़–चढ़कर भाग लिया। परिषद ने संकल्प लिया है कि प्रत्येक रविवार को कोंडागांव नगर के मुख्य स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, ताकि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। अभियान के दौरान स्वच्छ भारत, सुंदर भारत, स्वच्छ कोंडागांव, सुंदर कोंडागांव, स्वच्छता मिशन में मेरी भागीदारी, मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी जैसे नारों से जनजागरूकता फैलाई गई। भारत माता की जय के नारों से वातावरण राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

**उपस्थित रहे ये** – इस अवसर पर परिषद के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, उपाध्यक्ष अजनेर लकड़ा, संतोष साहू सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवा उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय बागवानी मिशन में शैक्षणिक भ्रमण के लिए कृषकों को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

> ■ 387 हेक्टेयर में किया जा चुका है ऑयल पॉम का पौधरोपण



एकीकृत बागवानी विकास मिशन के घटक राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनान्तर्गत कृषको का शैक्षणिक भ्रमण क्रियान्वयन के लिए कोण्डागांव जिले के 50 कृषकों का चयन कर इंडियन इंस्टिटयूट ऑफ ऑयल पॉम रिसर्च पेदावेगी आंध्रप्रदेश कृषको को त्रिदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया गया है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शैक्षणिक भ्रमण के लिए जिले के ऑयल पॉम रोपित बाहूल्य क्षेत्र विकासखण्ड कोण्डागांव, फरसगांव एवं केशकाल के कृषकों को भेजा गया है। जिला कोण्डागांव में ऑयल पॉम योजना अन्तर्गत अब तक 387 हेक्टेयर में ऑयल पॉम पौधरोपण किया जा चुका है, जिसमें वर्ष 2021–22 में रोपित पौधों पर फल फूल आना प्रारम्भ हो चुका है। ऑयल पॉम के विपणन की अनुबंधित व्यवस्था है। कृषकों को उद्यानिकी फसल विशेषकर ऑयल पॉम खेती के प्रति विशेष जागरूकता के लिए ऑयल पॉम योजना से लाभांवित एवं ऑयल पॉम पौध रोपित करने वाले इच्छूक कृषकों को शैक्षणिक भ्रमण में सम्मिलित किया गया है।

**ये रहे उपस्थित** – भ्रमण रवानगी के समय उद्यान विभाग से वी.के.गौतम, सहायक संचालक उद्यान, कोण्डागांव मोहम्मद नवाज, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, फरसगांव, नोडल अधिकारी कृषक भ्रमण एवं हिमाचल नेताम, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, कोण्डागांव उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### अज्ञात कारण से...

कर बताया कि उसकी मौत हो चुकी है। महिला की मौत किस वजह से हुई यह स्पष्ट नही हो पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### महिला को रास्ते...

अनहोनी हो सकती थी। दोनो आरोपियों के द्वारा मेरे साथ मारपीट और इस तरह की हरकत क्यों किया, मुझे नहीं पता। उनका यहीं कहना था कि मैं लड़ाई झगड़ा करवाती रहती हूं। आरोपियों के द्वारा पूछताछ करने के उपरांत ही पता चल सकेगा कि मारपीट किस कारण को लेकर किया है। पुलिस मामले की विवेचना में लग गई है। पीड़िता की शिकायत पर अंतागढ़ पुलिस ने आरोपी किरण कुमेटी और राजेश्वरी पोटाई के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### सुशासन तिहार में...

कार्यालयों में पेयजल की व्यवस्था करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके अलावा विभिन्न विषयों पर बैठक में चर्चा हुई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीएस उईके एवं जितेन्द्र कुर्रे सहित सभी अनुविभागीय अधिकारियों सहित जिला स्तर के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### कच्चे के पंचायत...

मेनका कोलियारा, धनेश, राकेश चिराम एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# आम्बेडकर जयंती पर बाबासाहेब के प्रेरक विचार और संस्मरणों का हुआ संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव में 15 अप्रैल को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सी.आर. पटेल के निर्देशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, समाजशास्त्र, इतिहास तथा राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र विभाग के अतिथि व्याख्याता भानुप्रताप साहू व इतिहास विभाग की अतिथि व्याख्याता पूर्णिमा कंवर द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय महाविद्यालय रानीतराई, दुर्ग से वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रेशमी महिश्वर उपस्थित रहीं। उन्होंने डॉ. अम्बेडकर के जीवन की दो प्रेरक घटनाएं साझा कर उनके योगदान, विशेषत प्रतिशत हिंदू कोड बिल व महिला समानता, को रेखांकित किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्राध्यापकों द्वारा डॉ. अम्बेडकर के जीवन के विविध पहलुओं पर विचार प्रस्तुत किए गए। डॉ. अलका शुक्ला ने जीवन परिचय, डॉ. किरण नूरूटी ने कार्य, डॉ. पुरोहित सोरी ने ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, नसीर अहमद ने सामाजिक योगदान, शिल्पा दर्रो ने स्वतंत्रता संग्राम में विचारधारा, जगतू राम नेताम ने शिक्षा, डॉ. करुणा जोशी ने उनके व्यक्तित्व पर कविता, तथा लक्ष्मी मनहर ने जीवन के सार को प्रस्तुत किया।

**छात्र–छात्राओं ने भी विचार–विमर्श में बढ़–चढ़कर लिया भाग** – यमुना चौहान, द्रोणा प्रसाद, मानसी ठाकुर, जयप्रकाश, आशुतोष होड़ जागेश्वर मरकाम, यामिनी पाणिग्रही, मेशोराम, चंचल बोमकर, सतवंतीन, मनीषा नेगी और रुद्र प्रकाश ने डॉ. अम्बेडकर के विचारों व उनके आज के संदर्भ में महत्व पर अपने विचार साझा किए। आभार प्रदर्शन डॉ. आकाश वासनीकर द्वारा किया गया। जिन्होंने डॉ. अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विश्व की महान हस्तियों जैसे नेल्सन मंडेला के विचारों को उद्धृत किया।

**ये रहे उपस्थित** – इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त विभागों के प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने डॉ. अम्बेडकर के विचारों को पुनः स्मरण कर उन्हें आधुनिक भारत के निर्माण के लिए प्रासंगिक बताया।

### कोंडागांव में कांग्रेस ने आम्बेडकर जयंती मनाई



**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी ने संविधान निर्माता, देश के प्रथम कानून मंत्री और सामाजिक न्याय के पुरोधा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। यह कार्यक्रम कोंडागांव कांग्रेस भवन में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए।
सभा के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहब अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्षों और देश के प्रति उनके योगदान को याद किया। साथ ही 13 अप्रैल को हुए ऐतिहासिक जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।
**मौजुद रहे ये** – इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष बुधराम नेताम, महामंत्री गीतेश गांधी व रितेश पटेल, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष व पार्षद हेमा देवांगन, लेखनी प्रधान मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, संजय करन, इरशाद खान, नंदू दीवान, योगेंद्र पोयाम, राजेंद्र देवांगन, कामदेव कोर्राम, रूपेश गोस्वामी, देवेंद्र कोर्राम, पीलाराम कोर्राम, धनाजी नेताम, बासु नेताम, धनसिंह नेताम व बुधराम मरकाम समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्धेश्य बाबा साहब के विचारों को जन–जन तक पहुंचाना और शहीदों के बलिदान को स्मरण कर उन्हें नमन करना रहा।

# चिकटराज मंडई मेले में पहुंचे देवी-देवता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

नगर के भट्टीपारा में स्थित चिकटराज देवता का मंदिर स्थापित है।यहां प्रतिवर्ष चैत्र माह में चिकटराज समिति के द्वारा चिकटराज देवता मंडाई- मेला का आयोजन किया जाता है। चिकटराज समिति के अध्यक्ष रामचरण मांझी ने बताया, कि रविवार को यहां दूरदराज से देवी - देवता गुज्जा देव, मारा देव, कनपराज, तुलडोकरी, नंगाभीमा, कंछीबारम निलपराज, हिरमा राज देव, उरो पोई भीमराज, चिन्नामारा पेद्दामारा, हुंगागुंडा, काटउर्रा, हिरमा गुंडा, हडमा राज, पिडगाराज के अलावा बमडा भोगराज पहुंचे है। चिकटराज समिति के अध्यक्ष मांझी ने यह भी बताया,कि उनकी विधि विधान के साथ पूजा पाठ की जाती है,दूर दराज से आये सभी देवी- देवताओं का मेल मिलाप के पश्चात हमारे आराध्य देव चिकटराज देवता के मंदिर के सामने मेला मंडई का आयोजन किया जाता है।यहां सुबह से ही श्रद्धालु अपनी मनोकामना के साथ मंदिर में पहुंचते है। देर शाम तक पूजा - पाठ का दौर चलता रहता है। वहीं मंडई मेले में चिकटराज देवता के दर्शन के लिए महाराष्ट ,तेंलगाना ,उडिशा से श्रद्धालु पहुंचते है।इस मंडई मेले में धमतरी कांकेर जगदलपुर - गीदम दन्तेवाडा से व्यापारी मुख्य रूप से आते है।पुजारी ने बताया,कि बाबा चिकटराज देवता हमारे आराध्य देव है, यहां प्रतिवर्ष चैत्र माह में ही पूरे विधि- विधान के साथ पूजा- पाठ की जाती है। यह मंडई मेला तीन दिनो तक मनाया जाता है, यहां रविवार से ही दूर दराज के देवी -देवताओं का आगमन हुआ है सोमवार से सभी देवी- देवताओं की पूजा पाठ कर मंगलवार को सभी दूरदराज से आयें देवी- देवताओं का मेल मिलाप के पश्चात बाबा चिकटराज देवता के प्रागंण में मुख्य मंडई मेला का आयोजन किया जाता है, बुधवार को देवी देवताओ को विदाई देते है।उन्होने ने बताया कि बाबा चिकटराज देवता का दर्शन खासतौर से महिलाओ के लिए साल में तीन दिन ही दर्शन कर सकते है ,बाकी समय बाबा चिकटराज देवता का दर्शन करना महिलाओं के लिए वर्जित रहता है।

### जांच में 9 वाहनों पर कसा शिकंजा

**जगदलपुर।** परिवहन विभाग के उड़नदस्ता जगदलपुर एवं यातायात पुलिस कोंडागांव की ओर से मंगलवार को वाहनों की सयुंक्त जांच की। इसमें 9 वाहन पर कार्यवाही कर 6000 रूपए राजस्व की वसूली की गई। उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक अनिल गारदे ने बताया कि जांच के दौरान कार्रवाई की जा रही है। दूसरी बार परिवहन नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन जप्त कर कोर्ट भेजा जाएगा।

### दुगली में आयोजित अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री

# बाबा साहेब स्वयं शोषित होकर समाज के लोगों को उनका अधिकार दिलाया : मुंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी





बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती ग्राम दुगली में हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्जुन मुंडा पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड थे। अध्यक्षता नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल ने की। विशेष अतिथि शिशुपाल सोरी पूर्व विधायक कांकेर, हिरासन उईके राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रभाग, कांति नाग महासचिव महिला प्रभाग़, विद्या सिदार प्रदेश उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, गुरुचरण नायक पूर्व विधायक झारखंड, दिवाकर पेंदराम राष्ट्रीय सचिव, बीपीएस नेताम पूर्व कलेक्टर, फूलसिंह नेताम कोषाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज छग, कमलेश ध्रुव प्रदेश उपाध्यक्ष अजजा शासकीय सेवक संघ, जीआर राणा पूर्व अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग, महेश गोटा अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, शिवचरण नेताम संरक्षक जिला गोंड समाज थे। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण से किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने समाज की सबसे पिछड़ी पंक्ति में रहने वाले लोगों के उत्थान के लिए विभिन्न प्रावधान कर उन्हें सामाजिक रूप से समानता, बंधुत्व और न्याय प्रदान किया है । समाज को उन पर गर्व है कि स्वयं शोषित, पीड़ित होकर समाज के लोगों को उनका अधिकार दिलाया है। बाबा साहेब का योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। नीलकंठ टेकाम ने कहा है कि दुगली क्षेत्र में इस तरह का सार्वजिक आयोजन होना समाज के लिए जागरूकता तथा गौरव की बात है। सभा को शिशुपाल सोरी, हिरासन उईके कांति नाग़ ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन चिंता राम तुमरेटी व आभार व्यक्त मयाराम नागवंशी जिला अध्यक्ष आदिवासी विकास परिषद धमतरी एवं अध्यक्ष गोंडवाना समाज उपक्षेत्र दुगली ने किया।

इस अवसर पर मयाराम नागवंशी, जोहरलाल चंद्रवंशी, जितेंद्र वीर कुंजाम, दशरथ नेताम ,बुधराम नेताम, अशोक साक्षी, डोमार सिंह ध्रुव, राजाराम मंडावी, सुरेंद्र ध्रुव, कृतलाल मरकाम, विशाली राम ध्रुव, भूपेंद्र नेताम, रोहित दीवान, तुलसी मंडावी, कलावती मरकाम, रामकुवंर मंडावी, रोहित कोमरे, मानसाय मरकाम, अश्वनी बंधु, हेमंत मंडावी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## खिसोरा में लगी पूरक पोषण आहार की प्रदर्शनी



**मगरलोड।** ग्राम खिसोरा के सेनानी भवन में पोषण पखवाड़ा का आयोजन हुआ। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं द्वारा फल, अनाज, सब्जियों, पूरक पोषण आहार की प्रदर्शनी लगाकर ग्रामीणों को संदेश दिया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ता इंद्राणी साहू ने बताया कि बच्चे के प्रथम 1000 दिवस बहुत महत्वपूर्ण होते हैं और यही बच्चों के सर्वांगीण विकास करने के लिए सुनहरा अवसर होता है। चिकित्सक हिरामन ध्रुव ने बताया कि कुपोषण की शुरुआत गर्भावस्था से शुरू होती है जो बच्चे के जन्म के बाद गंभीर समस्या बन जाती है। खिसोरा में 0 से 6 साल के मध्यम एवं गंभीर कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर उनके बाल मित्र बनाए गए जो इन्हें सुपोषित करने हेतु विभिन्न सहयोग कर रहे हैं। आयुष विभाग के चिकित्सक कुंजबिहारी ने बच्चों के लिए आयरन सीरप एवं इम्यून बूस्टर ड्रॉप दिया ताकि बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उमा बंसोड़, मौसमी कंडरा, थानवरिन पटेल सहायिका और पालक शामिल रहे।

## श्रीराम दरबार की झांकी ने मोहा मन

■ गोरेगांव में मना हनुमान जन्मोत्सव, निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम गोरेगांव में श्री राम हिंदू संगठन के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निकाली गई श्रीराम दरबार की झांकी और शोभायात्रा ने पूरे गांव को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया। शिव मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा में भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा वहीं डीजे की भक्तिमय धुनों पर युवा और बुजुर्गों ने भाव-विभोर होकर नृत्य किया। शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होती हुई बजरंग चौक स्थित हनुमान मंदिर के पास पहुंचकर सम्पन्न हुई। तत्पश्चात श्री हनुमान चालीसा का पाठ करने के बाद महाआरती की गई। बालिकाओं द्वारा कलश यात्रा, तथा बच्चों द्वारा राम, लक्ष्मण, सीता और बाल हनुमान के स्वरूप में निकाली गई झांकियां हर किसी का मन मोह रहीं थीं। मार्गों में जगह-जगह फूलों की वर्षा कर ग्रामीणों ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। पूरे गांव में उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

इस आयोजन में संगठन के संरक्षक भानुप्रताप साहू, जयदेव यदुराज, जातेश सोन, अध्यक्ष हिमांशु यदुराज, उपाध्यक्ष यतींद्र साहू, सचिव खेमन साहू, कोषाध्यक्ष हरिनारायण साहू, राघवेंद्र साहू, बल्लू साहू, संजू साहू एवं अन्य सदस्यों का योगदान रहा। समापन अवसर पर बूंदी, खीर और पूड़ी बांटी गई। रात्रि में श्री सिद्धि विनायक जस झांकी परिवार, नेगीनाला (गट्टासिल्ली) द्वारा प्रस्तुत की गई भक्ति-नाट्य झांकी ने समा बांध दिया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम का ग्रामीणों ने भरपूर आनंद लिया।

## उपस्वास्थ्य केंद्र कोसमर्रा का जनपद सभापति ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



शासकीय अस्पतालों को केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए अस्पतालों में मरीजों के लिए उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता के परीक्षण के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र कोसमर्रा में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की विशेषज्ञों की टीम द्वारा वर्चुअल असेसमेंट किया गया। बीपीएम रोहित पाण्डे व सीएचसी प्रभारी गौरव बंगानी के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोसमर्रा में टीम ने विभिन्न सेवाओं के बारे में जानकारी ली। संजय साहू, अर्जुन साहू, आरएचओ तरुण साहू, महिला बाल विकास सभापति सिंधु बैस जनपद पंचायत कुरुद एवं मितानिनों का विशेष सहयोग रहा। सिन्धु बैस ने साफ सफाई में विशेष ध्यान देने को कहा।

## अंबेडकर जयंती पर जोरातराई में निकली कलश यात्रा





**कुरुद।** महार समाज कोर्रा परिक्षेत्र द्वारा ग्राम जोरातराई में भगवान नारायण देव व डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। इस दिन समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वस्त्र धारण कर सिर पर मंगल कलश लिए गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली। युवा व पुरुष नीले ध्वज लेकर जय भीम के नारे लगाते चल रहे थे।

सोमवार को आयोजित हुई इस जयंती में स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पवन खापर्डे सेवानिवृत शिक्षक धमतरी थे। अध्यक्षता किशन चांद उपाध्यक्ष कोर्रा परगना ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती गीतेश्वरी हेमंत साहू जनपद अध्यक्ष जपं कुरूद, श्रीमती प्रीति साहू सरपंच जोरातराई, दयालुराम साहू शिक्षक, अशोक चांद प्रातीय अध्यक्ष छग माहरा समाज, रमेश कौमार्य सेवानिवृत शिक्षक, केवलराम आशनी शिक्षक, मोहितराम अग्रवाल कोटवार संघ अध्यक्ष तहसील भखारा, फत्तेलाल गंगाधर पूर्व सरपंच पचपेड़ी, रामेश्वर पटेल पूर्व अध्यक्ष, धमेन्द्र नायक पूर्व सचिव, शंकरलाल अग्रवाल, अशोक वर्मा, पवन कामड़े, करण पटेल, गुलाब गंगाधर आदि थे। इस मौके समाज के पदाधिकारियों ने डॉ. अंबेडकर के बहु आयामी व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से चर्चा की। जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के वंचित और शोषित वर्गों को आवाज दी और समानता तथा न्याय के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनका दिखाया मार्ग आज भी हमें सामाजिक समरसता और प्रगति की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। मौके पर डॉ. पोखराज मेश्राम, सनत पटेल, किशन चांद, लक्ष्मण सोनवानी, देवलाल महार, आनंद गंगाधर, महेश कश्यप, गिरधारी मेश्राम, डोमन मेश्राम, देवलाल मेश्राम, टिकेश्वर मेश्राम, राजकुमार आशनी, चन्द्रहास कामड़े, चंदन चांद, भुवन नायक उपस्थित थे।

## सर्व शैक्षिक संघ की बैठक में एबीईओ को हटाने की मांग



**कुरुद।** सर्व शैक्षिक संघ कुरूद की बैठक में पदाधिकारियों ने शिक्षकीय समस्या को लेकर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कार्य को कराने मानसिक प्रताड़ना करने वाले एबीईओ को हटाने की बात पर सहमति जताई है। बैठक में ब्लॉक शिक्षा कार्यालय कुरूद में कई वर्षों से पेंडिंग पड़े सेवा पुस्तिका संधारण, द्वितीय प्रति को सत्यापित नहीं किया गया जिसे अद्यतन करने, शिक्षा वर्ष 2013-14से काटी गई आयकर राशि को जिसे बीईओ कार्यालय खुद के अकाउंट में रखा है, एक शिक्षक जो समन्वयक के आदेश को पालन करने स्वयं डाक छोड़ने कुरूद कार्यालय गया था। एक शिक्षिका जो अपने प्रधानपाठक के कहने पर शाला अभिलेख संबंधी स्टेशनरी समान खरीदी के लिए गई थी फिर भी स्पष्टीकरण जारी कर विभिन्न ग्रुपों में डालना, शिक्षकीय भावना को आहत पहुंचाने वाली है। उक्त कार्य खंड कार्यालय के अधिकारी द्वारा शिक्षकों के प्रति दुर्भावना को दर्शाता है।

संघ ने बताया कि प्रमोशन या स्थानांतरित शिक्षकों को अपूर्ण कर सेवा पुस्तिका भेजी जाती है। पूर्ण करने पैसे की डिमांड की जाती है। मूल्यांकन कार्य में ड्यूटी, सुशासन तिहार कार्य में ड्यूटी, फिर स्कूली कार्य के लिए भी एक साथ कार्य करने दबाव डाला जाना, फिर शिक्षकों द्वारा, समन्वयकों के द्वारा अवगत होने पर भी स्पष्टीकरण देना। जरूरत से ज्यादा वॉट्सएप मेसेज बनाना और दबावपूर्ण कार्य कराने मजबूर किया जाता है। बैठक में कर्मचारी फेडरेशन संयोजक अशोक निर्मलकर, प्रांतीय अध्यक्ष हरीश देवांगन, राजेश पांडे तृतीय व कर्मचारी संघ, हुलेश चंद्राकर प्रांतीय प्रवक्ता स.शि.संघ, नूतन चंद्राकर व्याख्याता संघ, हुमन चंद्राकर संयुक्त शिक्षक संघ, लुकेश राम साहू सहायक शिक्षक फेडरेशन, योगेंद्र चंद्राकर, जेके साहू, प्रकाश चंद सेन शिक्षक संघ, मनीषदेव वर्मा, फ़ालेश कुर्रे, हरीश निर्मलकर, भावेश चंद्रवंशी उपस्थित थे।

## सचिवों की हड़ताल से पंचायतों का कामकाज ठप



**नगरी।** ब्लाक के पंचायत सचिव शासकीयकरण की मांग को लेकर 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। उनकी हड़ताल को 1 माह होने को जा रहा है मगर सरकार की ओर से कोई सुध नहीं लेने के कारण 12 अप्रैल से पंचायत सचिवों ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। पहले दिन खिलानंद नवरंगे समेत महिला कर्मी लक्ष्मी साहू, ममता उइके और यशोदा कोर्राम भूख हड़ताल में शामिल हुईं। दूसरे दिन राम मरकाम , देवसिंग सोरी, बलराम सोरी, जोहरलाल भूख हड़ताल पर बैठे रहे ।

संघ ने कहा कि सरकार उनकी मांगों को नजरअंदाज कर रही है जिसके कारण अब यह भूख हड़ताल 22 अप्रैल तक चलेगी। इधर हड़ताल के कारण पंचायतों का कामकाज पूरी तरह ठप है। संघ के अध्यक्ष अनित ध्रुव ने बताया विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी के तहत पंचायत सचिवों के शासकीयकरण का वादा किया गया था। भाजपा ने छत्तीसगढ़ में सत्ता में आने से पहले अपने घोषणा पत्र में यह गारंटी दी थी। कहा था कि सरकार बनते ही मांग पूरी होगी। सरकार बने डेढ़ साल हो गए, लेकिन मांग अब तक पूरी नहीं हुई। 20 अप्रैल को प्रदेशभर के सचिव दिल्ली में प्रदर्शन करेंगे। सचिवों ने सरकार से मोदी गारंटी को पूरा करने की मांग की है। इस दौरान बुधराम नेताम, मदन सेन, आसत राम समरथ, गैद लाल साहू, बिंदेश्व यादव, थानसिंह देवांगन, राम कुमार एल्मा, हुलेश प्रजापति, प्रभुलाल सिन्हा, थानूराम देवदास, बालाराम नरेटी, गजेंद्र नेताम, भीखराय कुलदीप, ममता उइके, लक्ष्मी साहू, कैलाश साहू, रेवत लाल साहू, द्वारिका प्रसाद कुर्रे, खूबलाल साहू, हरिशंकर, दयालुराम निषाद, भूपेंद्र, पीलाराम सेन, रामप्रसाद सोरी, बीरेंद्र कुमार साहू, किसुन भास्कर उमेद नेताम, ममता उईके, यशोदा कोर्राम शंकर ध्रुव बड़ी संख्या में सचिव उपस्थित थे।

## ग्रामीण अंचलों में श्रद्धा एवं भक्ति से मना हनुमान जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरूर(धमतरी)



क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों मे हनुमान जन्मोत्सव का पर्व श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। गांव के मंदिरों में हवन पूजन एवं रामायण पाठ के साथ प्रसादी एवं भंडारा का आयोजन किया गया।

ग्राम पुरूर में बाजार चौक में स्थापित हनुमान मंदिर में दोपहर तीन बजे भगवान हनुमान को दूध, दही, गंगाजल एवं पंचामृत से अभिषेक कर चोला चढ़ाकर पंडित सुरेन्द्र तिवारी के द्वारा हवन पूजन एवं हनुमान चालिसा का पाठ कर आरती की गई जिसमें ग्रामीण काफी संख्या में शामिल हुए। आयोजक रवि भारद्वाज, तोषण भारद्वाज, पंकज साहू, राजू चौधरी भागवत राम सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल होकर लोगों ने हवन में आहूति दी तथा प्रसादी वितरण किया गया। इसी तरह ग्राम चिटौद में धान भंडारण केन्द्र एवं वेयर हाउस में भी हमाल संघों के द्वारा एवं ग्राम के त्रिमूर्ति मंदिर, त्रयंम्बकेश्वर महादेव मंदिर में भी हवन पूजन एवं रामायण पाठ का आयोजन किया गया।



## सरबदा में आंगनबाड़ी केंद्र के लिए हुआ भूमिपूजन

**अंवरी।** ग्राम पंचायत सरबदा में आंगनबाड़ी केंद्र क्रं 02 का भूमिपूजन किया गया। मौके पर सरपंच श्रीमती मीना संतराम, उपसरपंच रूपराम साहू, पंचगण जगदीश साहू, गिरधर, सरजू ध्रुव, लुकेश्वरी साहू, मंजु साहू, मंजु सोनवानी, राजेश्वरी साहू, देवकी साहू, टिकेश्वरी साहू, चंद्रकला नगारची रोजगार सहायक, यमपुरी गोस्वामी, धर्मेंद्र कुमार, टीकाराम, कृष्णा कुमार उपस्थित थे।

### नवागांव में वार्षिक अधिवेशन 17 को

**मगरलोड।** खिसोरा परिक्षेत्र साहू समाज का वार्षिक अधिवेशन 17 अप्रैल को ग्राम नवागांव खिसोरा में होगा। मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि धमतरी विधायक ओंकार साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, जनपद अध्यक्ष विरेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष खिलेश साहू होंगे।

## अंचल की खबरें

### गागरा में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की मांग



**धमतरी।** मुख्यमंत्री साय के निर्देशानुसार सुशासन तिहार 8 से 11 अप्रैल तक मनाया गया। ग्राम गागरा में सुशासन तिहार को लेकर ग्रामीणों में अपार उत्साह रहा। सभी ने गांव की मूलभूत समस्या के निराकरण तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर आवेदन लगाए हैं।

### समरसता दिवस के रूप में मनी अंबेडकर जयंती



**नगरी।** ग्राम छिपली में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती समरसता दिवस के रूप में मनाई गई। मौके पर शक्ति केंद्र प्रभारी गुरुप्रसाद साहू, बूथ अध्यक्ष दिनेश बंजारे, सरपंच लिकेश्वरी पोटाई, उपसरपंच घेवरचंद साहू, लता नवरंग, रंभा कोसेरे, वीरवती बिसेन, ईश्वरी कोसमा, चंदा नवरंग, सुरेंद्र सेवई, किशोर नवरंग, भूपेश नवरंग, अश्वनी कोसेरे, मनीष बंजारे, कुलदीप सेवई, गोविंद, बनवाली टंडन, बालकदास, सागर कोसेरे उपस्थित थे।

### लालबगीचा में मनी अंबेडकर जयंती



**धमतरी।** लालबगीचा वार्ड क्रमांक 3 में बौद्ध समाज द्वारा भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि ज्ञानीराम रामटेके थे। अध्यक्षता घनश्याम कामड़े ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती हिमानी साहू पार्षद, पार्षद पूर्णिमा देवांगन समेत बौद्ध समाज के लोग शामिल हुए।

### बिजनापुरी में डॉ. अंबेडकर के योगदान को किया याद



**धमतरी।** ग्राम पंचायत बिजनापुरी में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। सरपंच हेमलाल ध्रुव ने भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र में माल्यार्पण कर पूजा पाठ किया। मौके पर उप सरपंच खेमलाल साहू, पंच चूड़ामणि यादव, कोमल निर्मलकर, गैंदलाल ध्रुव, गीताबाई साहू, तामेश्वरी देवांगन, लीलाबाई देवांगन, जयश्री नंदिनी साहू, लक्ष्मी यादव, निर्मला यादव, सरोज साहू, ललिता देवांगन, यादराम साहू, कन्हैया लाल, पुरुषोत्तम लाल, टिकेश्वर साहू आदि मौजूद थे।

### उमरगांव में शिवलिंग की हुई प्राण-प्रतिष्ठा



■ शिव पार्वती का रचाया विवाह, बारात में झूमे ग्रामीण

**नगरी।** ग्राम उमरगांव के बरपारा में शिवलिंग की स्थापना कर प्राण- प्रतिष्ठा विधि विधान से की गई। पूजा-अर्चना ग्राम के पुरोहित द्वारिका प्रसाद पाण्डेय ने संपन्न कराई। प्रथम दिवस कलशयात्रा निकाली गई और शिव पार्वती का विवाह रचाया गया। मंडप सजाकर, तेल, हल्दी की पूरे रीति-रिवाज के साथ रस्म निभाई गई। बाजे-गाजे के बारात निकाली गई। रात्रि तक विवाह में लोग नाचते रहे। दूसरे दिन शिव पार्वती की सात भंवर कर टिकावन किया गया। फिर नये शिवलिंग की स्थापना की गई। मौके पर सीताराम ध्रुव, उत्तम गुप्ता, खिरभान साहू, लेखराम साहू, संत कामडे, तुलसी सार्वा, ईश्वर लाल, भुनेश्वर साहू, नारद राम, सजीवन लाल, तुलसी साहू, मोहित गुप्ता, लीला शंकर साहू, नीलकमल यादव, रामनरेश सहित ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

### भाजपाइयों ने बाबा साहेब को किया याद



**अंवरी।** भारतीय जनता पार्टी भखारा भठेली द्वारा नगर पंचायत स्तर पर भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंतीको दलित आइकन के सम्मान में मनाया गया। अतिथियों ने कहा कि अपना सारा जीवन मजदूरों, महिलाओं और अछूतों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। डॉ अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण पूजन पश्चात उनके कार्यों को याद किया गया।



## खबर संक्षेप



### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनाई डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती

**भानुप्रतापपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भानुप्रतापपुर द्वारा भारत-रत्न, संविधान निर्माता, सामाजिक समरसता के प्रतीक बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उनकी स्तुति गान किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी, पार्षद नरेंद्र कुलदीप, सेवा दल अध्यक्ष जितेन्द्र बेंजामिन, निशा रिक्की तिवारी, मुकेश चंद्राकर, दीपक, गोलू, गजेंद्र, तुलाराम साहू, रिजवान खान, महेंद्र मेश्राम, संजू नेताम, रवि साहू सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### आर्थिक सहायता राशि हुई स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए सर्प काटने से मृत्यु होने के एक प्रकरण में चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। तहसील पखांजूर के ग्राम पीव्ही 23 लखनपुर निवासी 38 वर्षीय सुखरंजन हालदार की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी लक्ष्मी हालदार को चार लाख रुपए की कलेक्टर द्वारा सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### पेंटा में हुई पंचमुखी हनुमान की प्राण प्रतिष्ठा

**दंतेवाड़ा।** जिले के दूरस्थ ग्राम पेंटा पालनार में पंचमुखी हनुमान जी की आदमकद भव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। धाकड़ समाज और स्थानीय ग्रामीणों ने जन सहयोग से इस प्रतिमा की स्थापना की है। हनुमान जयंती के मौके पर आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में विधिवत अनुष्ठान किया गया।

## जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय का शुभारंभ

# मुख्यमंत्री साय ने दी बस्तर अंचल को बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज बस्तर संभाग को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने जगदलपुर में जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय

- बस्तर अंचल के सिंचाई के कार्यों में आएगी तेजी

का शुभारंभ किया। इस कार्यालय के प्रारंभ होने से बस्तर संभाग के सभी सातों जिलों के विभागीय कामकाज में काफी सुविधा होगी। जल संसाधन से संबंधित निर्माण कार्यों के सर्वेक्षण, डीपीआर निर्माण और तकनीकी स्वीकृति में तेजी आएगी। पहले इन





कार्यों की स्वीकृति के लिए रायपुर जाना पड़ता था। अब ये काम संभागीय मुख्यालय बस्तर में ही हो सकेंगे। जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप के विशेष पहल से शुरू हुए जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता नवीन कार्यालय में विभिन्न स्तरों पर अधिकारी और कर्मचारी की नियुक्ति के लिए भी बजट में स्वीकृति दी गई है। वर्तमान में यह कार्यालय जगदलपुर के अधीक्षण अभियंता कार्यालय इंद्रावती परियोजना मंडल भवन के ऊपरी तल में संचालित हो रहा है। मुख्य अभियंता जल संसाधन कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण सिंह देव, विनायक गोयल, महापौर संजय पांडेय एवं जिला पंचायत अध्यक्ष वेदमती कश्यप, वित्त आयोग के अध्यक्ष निवास राव मद्दी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, जल संसाधन विभाग के प्रभारी मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता के. एस. भंडारी और जल संसाधन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत...



जगदलपुर। स्थानीय मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के दो दिवसीय बस्तर प्रवास में जगदलपुर आगमन पर जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान वन एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप, छत्तीसगढ़ राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण देव, विधायक विनायक गोयल, महापौर संजय पाण्डे, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ ही कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर हरिस एस.,एसपी शलभ कुमार सिन्हा और अन्य अधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया।

## लाइन में पेड़ गिरने से दो घंटे बंद रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभागीय मुख्यालय में मंगलवार की शाम को दलपत सागर लाईन में पेड़ गिरने से 2 घंटे तक बिजली बंद रही। इसी तरह से दो दिन से बिजली बंद रहने से उपभोक्ता परेशान रहे। सोमवार को

- दो दिन से बिजली बंद होने से उपभोक्ता परेशान

लाईन से पोस्टर के चलते बिजली प्रभावित रही, वहीं लाईन का फाल्ट ढूढने के लिए दो घंटे तक लाइनमेनों को सर्चिंग करना पड़ा। उपभोक्ताओं ने बताया कि इस तरह से बार-बार बिजली बंद होने से



विद्युत कंपनी का मेंटनेंस की पोल खुल रही है। मेंटनेंस के बाद भी बारिश होने और आकाशीय बिजली होने से इंश्यूलेटर, डीओ भष्ट हो रही है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में भी रोज बिजली बंद हो रही है।

## हजारों रुपए के एमपी की शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कोड़ेनार पुलिस ने मध्यप्रदेश निर्मित शराब की तस्करी कर रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

- कोड़ेनार पुलिस ने गोवा विहस्की के साथ आरोपी को पकड़ा



आरोपी के कब्ज से 20 हजार रूपए से अधिक की शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। शराब तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के मार्गदर्शन व एसडीओपी केशलूर लक्ष्मण सिंह पोटाई के पर्यवेक्षण में थाना कोड़ेनार से टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना किया गया था। टीम द्वारा अवैध शराब परिवहन कर रहे आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

टीम द्वारा इको वाहन क्रमांक सीजी 17 एलए 4161 से अवैध अंग्रेजी शराब बिकी करने परिवहन कर रहे आरोपी बुदरूराम कश्यप 44 वर्ष निवासी ग्राम मंगनार हिरलाभाटा पारा थाना दरभा को ग्राम अलवा डोंगरी पारा तिराहा के करीब घेराबंदी कर पकड़ा गया। वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में 3 कार्टून में रखा अवैध अग्रेजी शराब गोवा कीमत 20 हजार 250 रूपए बरामद किया गया।

## भीमराव अम्बेडकर जयंती पर्व के रूप में मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

वार्ड क्रमांक 16 मुंड्रा कैंप में डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135 वां जन्मदिन 14 अप्रैल को पर्व के रूप में मनाया गया। वार्ड के छोटे बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओ सहित सभी ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। संचालन पार्षद धनसिंग नाग ने किया । मुख्य अथिति नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल एवं भाजपा मण्डल अध्यक्ष अमलेन्दु चक्रवती की उपस्थिति रही। जायसवाल ने बाबा साहेब के फोटो के सामने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया ।

कार्यक्रम में बाबा साहेब के जीवन और उनके संघर्ष पर प्रकाश डाला गया। बच्चो के द्वारा रंगा रंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम में मिथुन खुर्रा, बसंत खुर्रा, सुशील बघेल, शिवदास, सुरेश, मोना, आकाश, बड़ी संख्या में महिलाओ, बच्चो के साथ भाजपा के सभी पार्षदगण एवं पदाधिकारी उपस्थिति रहे।

## शांतिवार्ता प्रस्ताव साजिश तो नहीं, पूर्व में भी नक्सली सीजफायर के दौरान कर चुके हैं बड़ी घटनाएं

**जगदलपुर।** छग ही नही वरन देश भर में शांति वार्ता को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। सुरक्षाबलों द्वारा नक्सलियों के खिलाफ लगातार बड़े आपरेशनों के बाद नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी समेत अलग अलग कमेटियों द्वारा पखवाड़ेभर के भीतर करीब 4 बार पर्चा के माध्यम से शांति वार्ता का प्रस्ताव आ चुका है। नक्सलियों के शांति वार्ता के चार प्रस्ताव व सीजफायर की मांग के बीच केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के अलावा प्रदेश के गृहमंत्री व डिप्टी सीएम विजय शर्मा हर बार जवाब दे चुके हैं। सप्ताह भर पूर्व मिले चौथे व अंतिम प्रस्ताव पर गृहमंत्री ने यहां तक कह दिया कि नक्सली अपनी ओर से जब तक किसी को अपना प्रस्तावक बनाकर नही भेजते तब तक वार्ता कैसे सम्भव है। उन्होंने कहा कि माओवादियों को सरकार से चर्चा करना है तो सरकार तैयार है परंतु माओवादी वार्ता को लेकर प्रेस नोट में जिस समिति की बात कर रहे हैं न ऐसी कोई समिति है और न ही किसी समिति को जानता हूँ।



## अंडी पंचायत में ग्रामीणों ने भाजपा के साथ मनाया डा. अंबेडकर की जयंती

**धनेलीकन्हार।** विकासखंड कांकेर के ग्राम अण्डी मे ग्राम पंचायत के सभी सदस्यों एवं भाजपा के कार्यकर्त्ताओ एवं ग्रामवासियो के साथ मिलकर संविधान निर्माता भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाया गया इस अवसर पर अटल चौक मे पूजा अर्चना कर उनके जीवनी को याद किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू ने कहा कि डॉं. भीमराव अंबेडकर जिन्हे हम बाबा साहब के नाम से जानते है उनका जन्म मध्यप्रदेश के महू मे 14 अप्रेल 1891 को हुआ था। वे एक राजनेता ही नहीं, बल्कि एक अर्थशास्त्र के जानकर, विधि एवं क़ानून के ज्ञाता और समाज सुधारक भी थे। वे सविधान निर्मात्री सभा के अध्यक्ष भी थे उन्होंने अर्थशास्त्र मे स्नातक और कानून की डिग्री हासिल किया। स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री भी थे। डा. अंबेडकर का सारा जीवन समाज को ऊपर उठाने, शिक्षा का प्रचार, समजिक न्याय, दलितों के उत्थान एवं देश को समर्पित रहा है जो हमें विकसित भारत की परिकल्पना को साकार रूप देने की ओर प्रेरणा प्रदान करता है।

## बाइक और एसयूवी की जबरदस्त टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से हुए घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

मरकाटोला घाट के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से

- मरकाटोला घाट में हुआ हादसा, घायलों का ईलाज जारी

घायल हो गए हैं। दोनो युवकों को ईलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। यह हादसा जिले की सीमा और बालोद जिले के समवर्ती क्षेत्र मरकाटोला घाट में हुआ। भीषण सड़क दुर्घटना में तेज रफ्तार बाइक और क्रेटा वाहन के बीच जोरदार टक्कर हुई। मिली जानकारी के अनुसार मरकाटोला घाट के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक दूर जा गिरे। घटना कि जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल धमतरी जिले के अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों युवक कि हालत नाजूक बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद क्रेटा वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मरकाटोला घाट में इससे पहले भी कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक वाहन चलने के कारण आए दिन सड़क हादसे बढ़ रहे है।



## बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर की जंयती मनाई, चौक चौराहों पर सफाई की

**कोरर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सेवा पखवाड़ा सप्ताह मनाया जा रहा है। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 14 अप्रैल को शक्ति केन्द्र सेलेगांव भवानीपारा के भवानीशंकर चौंक एवं नालियों का साफ सफाई किया गया। हान समाज सुधारक, भारतीय संविधान के शिल्पी भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जंयती पर भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर के अंतर्गत बाबा साहब अंबेडकर को नमन कर, पूजा अर्चना करते हुए माल्यार्पण किया गया। उत्कृष्ट लोकतांत्रिक मूल्यों से दीप्त व अंत्योदय को समर्पित उनका पूरा जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है। इस अवसर पर भारतीय जनता के मंडल प्रभारी व जिला मंत्री अनूप सिंह राठौर मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप, महामंत्री जय शिवना, सेवा पखवाड़ा के मंडल संयोजक नरेन्द्र शर्मा, सेलेगांव शक्ति केन्द्र के प्रमारी शंकर यादव, निर्भय कोमरा, कृष्ण शुक्ला, भागवत दास, ईश्वर यदु, कुलेश्वर नेताम, योगेश कोमरा, कुबेर सिंह कोसमा, जागेश्वर जैन, मनीष चौहान, थानसिंह साहू, हेतराम साहू, नीलकंठ चक्रधारी, अरुण पाया, चउत उयके, भागीरथी जुर्री सहित कोरर मण्डल के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी गण उपस्थिति रहे।

## ऑटोमोबाइल और कृषि में इंटर्नशिप पूरा करने के बाद मिला प्रमाण पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानबेड़ा के कक्षा 11 वीं एवं 12वीं के ऑटोमोबाइल और कृषि के छात्रों ने अपना इंटर्नशिप पूरा कर लिया है। छात्रों को प्राचार्य ने इंटर्नशिप प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

ऑटोमोबाइल व कृषि के 79 छात्रों ने इंटर्नशिप पूर्ण किया। इस अवसर पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य जेआर तेता ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए शिक्षा में व्यावसायिक शिक्षा के प्रशिक्षण के महत्व को बताया। शाला में संचालित ऑटोमोबाइल विषय के संबंध में छात्रों को स्वरोजगार की असीम संभावना होने की जानकारी दिया। कृषि के छात्रों को कृषि को जीवन का आधार बताया और नए तकनीक से इस क्षेत्र में भी बेहतर कार्य किया जा सकता है इसकी संभावना बताई। छात्रों को दी गई व्यावसायिक पाठ्यक्रम में रोजगार की जानकारी दी। इस दौरान व्यावसायिक प्रशिक्षक ऑटो मोबाइल देवेन्द्र कुमार और और व्यवसायिक प्रशिक्षक अनीश देव तरार ने शाला में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के प्रशिक्षण और छात्रों को रोजगार की जानकारी दिया। इंटर्नशिप के दौरान ऑटोमोबाइल से संबंधित विभिन्न सुधार कार्यों को बड़ी ही बारीकी के साथ सीखा, जिसमें वाहनों के कलपुर्जे ठीक करने से लेकर वाहनों की बाहरी साज सज्जा वह अन्य सजावटी सामान लगाने का प्रशिक्षण लिया।

**माध्यमिक शाला करप में शिक्षा समिति अध्यक्ष का सम्मान**

## जिले के सभी छात्रों को उत्तम शिक्षा प्रदान कराना लक्ष्य : तारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

जिले की शिक्षा में एक नई क्रांति की शुरुआत हुई है, जब तारा ठाकुर को जिला पंचायत उपाध्यक्ष बनने के बाद शिक्षा समिति के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति न केवल तारा ठाकुर के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि पूरे जिले के लिए एक नई उम्मीद का संचार भी करती है। इस विशेष अवसर पर नरहरपुर विकासखंड के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला करप के शाला परिवार ने उनका स्वागत व सम्मान किया।



कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने उनकी मेहनत और प्रयासों की सराहना की और शिक्षा के क्षेत्र में उनके नेतृत्व के लिए अपनी आशाएं व्यक्त किया। तारा ठाकुर ने इस सम्मान को अपने कार्य के प्रति प्रेरणा के रूप में लिया और शिक्षण के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लेते हुए कहा कि मैं इस जिम्मेदारी को स्वीकार करते हुए गर्वित महसूस कर रही हूं। मेरा लक्ष्य जिले के सभी छात्रों को उत्तम शिक्षा प्रदान करने का है। समर्पित हूं कि हम मिलकर शिक्षा में सुधार लाएंगे और सभी के लिए एक बेहतर भविष्य बनाए। इस दौरान सरपंच यशोदा मंडावी, हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य चंद्रकला साहू और शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष चौलेंद्र तिवारी, कौशल पटेल, दीपक पटेल, दीनदयाल नेताम, जयंत साहू, अनिल सिंन्हा, सरोजिनी एल्मा, लक्षुराम साव, राखी कोराम, सुधिया वटी, कल्पना वर्मा, हेमलता सिंन्हा, दीपा तिवारी व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज



स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, केरला, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक
29 मई 2025
16 जुलाई 2025
27 जुलाई 2025
16 अगस्त 2025
09 सितंबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)



online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411